# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 19/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** उस विकल्प का चयन करें, जो अक्षरों के उस क्रम का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएँ से दाएँ रखे जाने पर दी गई अक्षर शृंखला पूरी हो जाएगी।
A _ P L _ _ Z _ L M _ _ P L M A Z P _ _

**Ans**

1. MZPAAZML
2. MZAPAZLM
3. ZMPAAZLM
4. ✔ ZMAPAZLM

**Q.2** दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

23 32 67 76 155 164 ?

**Ans**

1. 330
2. 303
3. 313
4. ✔ 331

**Q.3** एक निश्चित कूट भाषा में,


'U $ J' का अर्थ है कि 'U, J का पति है',
'U # J' का अर्थ है कि 'U, J की माता है',
'U @ J' का अर्थ है कि 'U, J का पिता है' और
'U + J' का अर्थ है कि 'U, J की पुत्री है'।

यदि 'B # L $ C # Q' है, तो उपरोक्त के आधार पर B, C से किस प्रकार संबंधित है?


**Ans**


1. पिता की माता
2. माता की माता
3. ✔ पति की माता
4. बहन की माता


**Q.4** जब दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans**

1. 

2. 

3. 

✔ 4. 

**Q.5** GTBK अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KRFI से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। NSFX ठीक उसी प्रकार RQJV से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए EKVO दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

1. HJTN
2. GJSO
3. ✔ IIZM
4. HJRN

**Q.6** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**


1. LNS
2. MOT
3. SUZ
4. ✔ DFO

**Q.7** छह व्यक्ति Q, R, S, T, U और Y एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। R और Q के बीच में केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। S, Q के ठीक बाएं बैठा है। S और Y के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। Y, T के बाएं किसी स्थान पर लेकिन U के दाएं किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?


**Ans**


1. T
2. U
3. S
4. ✔ Y


**Q.8** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





**Ans**

1. 

2. 

3. ✔ 

4. 

**Q.9** छह विद्यार्थी A, B, C, U, V और W एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। U के दाईं ओर से गिनती करने पर U और W के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और W के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और B के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, U का निकटतम पड़ोसी है। V के बाईं ओर से गिनती करने पर A और V के बीच मेँ कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार ✔

**Q.10** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

310 311 301 303 293 296 286 ?

**Ans**
1. 290 ✔
2. 289
3. 276
4. 288

**Q.11** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'drink clean water' को 'rd tm kg' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'clean your house' को 'db fo tm' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'clean' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**
1. kg
2. fo
3. rd
4. tm ✔

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JQBT' को '147' के रूप में और 'IWOG' को '162' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'SDLO' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 150 ✔
2. 156
3. 145
4. 138


**Q.13** शब्द INJURED के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से दूसरे अक्षर और दाएं से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?


**Ans**
1. 4 ✔
2. 2
3. 6
4. 3


**Q.14** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


माता, राजकुमारी, पत्नी

**Ans**

✔ 1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.15** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

HNB KQE NTH QWK ?

**Ans**

1. RXL
✔ 2. TZN
3. KWQ
4. TZL


**Q.16** यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

20 − 7 ÷ 4 + 20 × 4 = ?

**Ans**

1. 44
2. 42
3. 41
✔ 4. 43


Q.17 एक पासे के फलकों पर अक्षर L, E, A, T, F और U अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। कौन-सा फलक, फलक E के विपरीत है?





Ans


1. L
2. T ✔
3. A
4. F


Q.18 एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. ✔ 

3. 

4. 

Q.19 KMOQ अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से SUWY से संबंधित है। उसी तरीके से EGIK, MOQS से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए YACE दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. GIJK
✔ 2. GIKM
3. GIKL
4. GIMK

Q.20 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कागज, पुस्तक हैं।
सभी पुस्तक, शेल्फ़ हैं।
कोई शेल्फ़, पुस्तकालय नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ कागज, शेल्फ़ हैं।
(II): सभी पुस्तक, पुस्तकालय हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 संगीत नाटक अकादमी और पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाली टी बालासरस्वती एक _________ नृत्यांगना थी।

Ans
✔ 1. भरतनाट्यम
2. कुचिपुड़ी
3. ओडिसी
4. कथक

Q.2 2021 में, डॉ. पद्मजा सुरेश को किस नृत्य शैली में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 'कर्नाटक कलाश्री' की उपाधि से सम्मानित किया गया?

Ans
1. मोहिनीअट्टम
2. सत्रिया
✔ 3. भरतनाट्यम
4. कथक

Q.3 जब किसी जलभृत में विपाशित जल (trapped water) अभेद्य चट्टान या मिट्टी की परतों से घिरा होता है, जो जल पर धनात्मक दाब डालते हैं, तो इसे किस रूप में जाना जाता है?

Ans
1. असंतृप्त जलभृत (unsaturated aquifer)
✔ 2. उत्स्रुत जलभृत (artesian aquifer)
3. दु:स्थित जलभृत (perched aquifer)
4. अपरिरुद्ध जलभृत (unconfined aquifer)

Q.4 महाजनपद काल में सामान्यतः फसल का कितना भाग राज्य द्वारा कर के रूप में वसूला जाता था?

Ans
1. 1/5वां
✔ 2. 1/6वां
3. 1/8वां
4. 1/4वां

**Q.5** राज्यपाल को पद की शपथ कौन दिलाता है?

Ans
1. मुख्यमंत्री
2. राष्ट्रपति
3. प्रधानमंत्री
4. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ✔

**Q.6** 30 अप्रैल 2024 को भारत के 26वें नौसेना प्रमुख (CNS) कौन बने?

Ans
1. एडमिरल राघवेंद्र सिंह सुडान (Admiral Raghvendra Sing Sudan)
2. एडमिरल राकेश शर्मा (Admiral Rakesh Sharma)
3. एडमिरल पुष्पेंद्र भानु (Admiral Pushpendra Bhanu)
4. एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी (Admiral Dinesh Kumar Tripathi) ✔

**Q.7** बंगाल का विभाजन किस ब्रिटिश अधिकारी द्वारा लागू किया गया था?

Ans
1. लॉर्ड माउंटबेटन (Lord Mountbatten)
2. लॉर्ड मिंटो (Lord Minto)
3. लॉर्ड वेलेज़ली (Lord Wellesley)
4. लॉर्ड कर्ज़न (Lord Curzon) ✔

**Q.8** भूपिंदर सिंह को निम्नलिखित में से किस संगीत प्रथा के लिए 2015 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. कर्नाटक संगीत
2. ग़ज़ल
3. सुगम संगीत ✔
4. पॉप संगीत

**Q.9** रोलिंग योजना कब अपनाई गई थी?

Ans
1. आठवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
2. पांचवी पंचवर्षीय योजना के बाद ✔
3. सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
4. छठी पंचवर्षीय योजना के बाद

**Q.10** रज उत्सव के दौरान नारीत्व का जश्न मनाया जाता है। यह त्यौहार भारत के किस राज्य में अत्यधिक लोकप्रिय है?

Ans
1. पश्चिम बंगाल
2. महाराष्ट्र
3. ओडिशा ✔
4. केरल

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन बैडमिंटन से संबंध रखते हैं?

Ans
1. प्रमोद भगत ✔
2. अमित कुमार सरोहा
3. देवेन्द्र झाझड़िया
4. सुमित अंतिल

**Q.12** 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' में शिशु श्रेणी के लिए ऋण सीमा (loan cover) ________ तक है।

Ans
1. ₹10,00,000
2. ₹5,00,000
3. ₹7,00,000
4. ₹50,000 ✔

**Q.13** निम्नलिखित में से किस रासायनिक अभिक्रिया को द्विविस्थापन अभिक्रिया (double displacement reaction) के रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्णित किया गया है?

**Ans**

1. $Fe (s) + CuSO_4 (aq) \rightarrow FeSO_4 (aq) + Cu (s)$
2. $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$
3. $2HNO_3 + Ca(OH)_2 \rightarrow Ca(NO_3)_2 + 2H_2O$
4. ✔ $Na_2SO_4 (aq) + BaCl_2 (aq) \rightarrow BaSO_4 (s) + 2NaCl (aq)$

---

**Q.14** भारत सरकार के 2023-24 केंद्रीय बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

i. प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए परिव्यय को ₹79,000 करोड़ से अधिक तक बढ़ाया जा रहा है।

ii. लक्षित कृषि ऋण (agriculture credit) ₹20 लाख करोड़ है।

iii. सरकार ने कर्नाटक के सूखा संभावित केंद्रीय क्षेत्र को लगभग ₹10,000 करोड़ की केंद्रीय सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

**Ans**

1. केवल iii
2. केवल ii
3. ii और iii
4. ✔ i और ii

---

**Q.15** स्विमिंग पूल (तरणताल) में पानी को स्वच्छ करने के लिए किसका उपयोग किया जा सकता है?

**Ans**

1. ✔ विरंजक चूर्ण
2. कास्टिक सोडा
3. डेटॉल
4. धावन सोडा

---

**Q.16** भारत ने पहली बार एशियाई खेलों की मेजबानी कब की थी?

**Ans**

1. 1982 में
2. 1981 में
3. 1952 में
4. ✔ 1951 में

---

**Q.17** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को विशिष्ट परिस्थितियों में काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?

**Ans**

1. ✔ अनुच्छेद 41
2. अनुच्छेद 45
3. अनुच्छेद 48
4. अनुच्छेद 47

---

**Q.18** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में लिंगानुपात सबसे अधिक है?

**Ans**

1. मणिपुर
2. आंध्र प्रदेश
3. ✔ तमिलनाडु
4. नागालैंड

---

**Q.19** अगस्त 2024 में, निम्नलिखित में से कौन भारत के कैबिनेट सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए?

**Ans**

1. अजीत कुमार सेठ
2. प्रदीप कुमार
3. टीवी सोमनाथन
4. ✔ राजीव गौबा

Q.20 अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर राज्य के नियंत्रण के उद्देश्य से, औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 अधिनियमित (enacted) की गई, जो ____________ पंचवर्षीय योजना की नींव के रूप में कार्य कर रही थी।

Ans
1. चौथी
✔ 2. दूसरी
3. तीसरी
4. पहली

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 किसी मूलधन पर 6% की वार्षिक दर से 3 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹576 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3213
2. 3202
3. 3206
✔ 4. 3200

Q.2 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 50% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 11% की वृद्धि हो?

Ans
1. 74%
2. 80%
3. 36%
✔ 4. 26%

Q.3 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 12 ÷ 4 - 3 × 4

Ans
✔ 1. 7
2. 6
3. 9
4. 10

Q.4 A एक कार्य को 16 दिन में पूरा कर सकता है, और B उसी कार्य को 12 दिन में कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने कार्य को 4 दिन में पूरा कर लिया। C अकेले उसी कार्य को कितने दिन में कर सकता है?

Ans
1. $\frac{43}{7}$
2. $\frac{48}{7}$
✔ 3. $\frac{48}{5}$
4. $\frac{38}{7}$

Q.5 शिवम, रूपेश और मंदार का औसत वज़न 46 kg है। यदि शिवम और रूपेश का औसत वज़न 39 kg है और रूपेश और मंदार का औसत वज़न 48 kg है, तो रूपेश का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 51
2. 46
3. 56
✔ 4. 36

Q.6 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 110000 है तथा जो प्रतिवर्ष 25% की दर से बढ़ रही है, 3 वर्ष पूर्व तथा 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 14430
2. 13530
3. 13330
✔ 4. 14080

Q.7 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 12 ÷ 3 - 3 × 4

Ans
✔ 1. 8
2. 11
3. 7
4. 10

Q.8 पीतल से बने एक अर्धगोलाकार कटोरे की आंतरिक त्रिज्या 3.5 cm है। ₹4 प्रति $cm^2$ की दर से इसके अंदर टिन चढ़ाने की लागत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹328
2. ₹348
✔ 3. ₹308
4. ₹318

Q.9 50 - 7 × [ 2 + 5 × { 16 - 2 ( 6 - 5 ) × 8} ÷ 31] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 34
✔ 2. 36
3. 40
4. 35

Q.10 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(19 \times 8) \times \left\{7 \div 7 \times \frac{(16 - 12)}{4}\right\}\right]$$

Ans
1. 170
2. 146
✔ 3. 152
4. 155

Q.11 लोकेश शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि लोकेश अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 24 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि लोकेश अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
1. 70
2. 62
✔ 3. 72
4. 65

Q.12 18.5% और 11.5% की दो क्रमिक छूटों के तुल्य एकल प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 27.8725%
2. 30%
3. 32.1275%
4. 27%

| | |
|---|---|
| Q.13 | यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹42 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹43 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 434<br>✔ 2. 441<br>3. 445<br>4. 436 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹217 में बेचता है, जिससे उसे 8.5% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था? |
| Ans | 1. 238<br>2. 235<br>3. 198<br>✔ 4. 200 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | यदि x और y व्युत्क्रमानुपाती हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है? |
| Ans | 1. $xy = \frac{y}{x}$<br>2. $\frac{x}{y} = k$<br>✔ 3. $xy = k$<br>4. $\frac{x}{y} = 1$ |

| | |
|---|---|
| Q.16 | एक व्यक्ति 4km/hr की चाल से कोलकाता से अहमदाबाद जाता है तथा उसी मार्ग से 12km/hr की चाल से कोलकाता वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 9<br>✔ 2. 6<br>3. 10<br>4. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | आय और व्यय का अनुपात 6 : 5 है। आय में 40% की वृद्धि होती है और व्यय में 20% की कमी होती है। यदि प्रारंभिक व्यय ₹4,50,000 है, तो अंतिम बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 3,96,000<br>2. 3,84,000<br>3. 3,90,000<br>4. 3,69,000 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | केतन ने एक शर्ट खरीदी और उसे महेश को 5% लाभ पर बेचा। महेश ने उसे डेविड को 24% हानि पर बेचा। यदि डेविड ने ₹3990 का भुगतान किया, तो केतन द्वारा खरीदी गई शर्ट का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 5000<br>2. 4750<br>3. 5150<br>4. 4800 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | 19 क्रमागत प्राकृत संख्याओं का औसत 41 है। इन संख्याओं में सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 32<br>2. 31<br>3. 33<br>4. 30 |

**Q.20** यदि x का 4% = 48 है, तो x ____ के बराबर है।

**Ans**
1. 1300
2. 1200 ✔
3. 2400
4. 2500

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Select the most appropriate idiom to fill in the blank.

The hotel's spacious rooms and convenient location ______________ for our family vacation perfectly.

**Ans**
1. fit the bill ✔
2. fit of rage
3. fit to be tied
4. fit to kill

**Q.2** Identify the sentence with the INCORRECT usage of adverb.

**Ans**
1. They will soon finish the project, despite the delays.
2. Thomas seldomly takes time off work, even when necessary. ✔
3. The coffee tasted very bitter to him.
4. Nancy had completely forgotten about the meeting.

**Q.3** The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

Teacher Sophia / told the class, / "Henry beautiful / finished his homework."

**Ans**
1. told the class,
2. Teacher Sophia
3. finished his homework."
4. "Henry beautiful ✔

**Q.4** Fill in the blank with the most appropriate ANTONYM of the word given in brackets.
In this (endeavour) __________, he met with vigorous opponents.

**Ans**
1. design
2. inactivity ✔
3. force
4. business

**Q.5** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**
1. Almighty
2. Refer
3. Preffer ✔
4. Nation

**Q.6** Fill in the blank with the most suitable collocation.

She ______________ asthma all her life.

**Ans**
1. is suffering in
2. has suffered
3. has suffered from ✔
4. suffered to

**Q.7** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**I thanked God for enabling me to save the child's life and <u>feared about my</u> school principal would accept my reason for coming late to school.**

**Ans**
1. surprised though my
2. disgusted as if
3. shocked if my
4. ✔ wondered whether my

**Q.8** **Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**

**The new software update includes several enhancments to improve performance.**

**Ans**
1. Update
2. Software
3. Performance
4. ✔ Enhancments

**Q.9** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**The old library had (1)___ shelves, (2)___ books and (3)___ corners, where students could study in peace, surrounded by historical knowledge.**

**Ans**
1. (1) quiet ; (2) dusty ; (3) towering
2. (1) towering ; (2) quiet ; (3) dusty
3. ✔ (1) towering ; (2) dusty ; (3) quiet
4. (1) dusty ; (2) quiet ; (3) towering

**Q.10** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Enraged**

**Ans**
1. ✔ Furious
2. Synthetic
3. Sharp
4. Jealous

**Q.11** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Gorge**

**Ans**
1. ✔ Canyon
2. Storm
3. Aside
4. Yacht

**Q.12** **Select the most appropriate ANTONYM of the bracketed word to fill in the blank.**

**No child should be exposed to violence, abuse or ______________________ (neglect).**

**Ans**
1. ✔ attend
2. appear
3. forgive
4. feel

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**________ advice you gave me was very useful for solving the issue.**

**Ans**

1. An
2. A piece
3. The ✔
4. A

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**

**It was extremely difficult for me to suppress my anger.**

**Ans**

1. Reward
2. Praise
3. Harass
4. Release ✔

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**In the present situation, teachers not only face criticism, but are also _______ for their innovative teaching methodologies.**

**Ans**

1. derided ✔
2. commended
3. approved
4. applauded

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Excessive gaming can negatively impact both (1)________ and physical health, especially among young people. Social media frequently exposes users to (2) ________content, which may influence their behaviour. However, the extent of this effect has not been widely studied. In this study, 25 young (3)________(average age 21.5) who played online games casually were examined. Participants reported their gaming desire after being exposed to gaming-related content on social media. An implicit association test (IAT) was also conducted to measure their implicit attitudes toward this content. Additionally, the relationship between these attitudes and psychological factors, such as personality traits and impulsiveness, was investigated. The results showed that participants had a stronger gaming desire when exposed to gaming cues as compared to (4)_________content. They also had a positive implicit attitude towards gaming content. Moreover, higher levels of neuroticism were (5)__________________ to correlate with greater explicit gaming desire.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans**

1. society
2. cognition
3. emotions
4. mental ✔

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Excessive gaming can negatively impact both (1)________ and physical health, especially among young people. Social media frequently exposes users to (2) ________content, which may influence their behaviour. However, the extent of this effect has not been widely studied. In this study, 25 young (3)________(average age 21.5) who played online games casually were examined. Participants reported their gaming desire after being exposed to gaming-related content on social media. An implicit association test (IAT) was also conducted to measure their implicit attitudes toward this content. Additionally, the relationship between these attitudes and psychological factors, such as personality traits and impulsiveness, was investigated. The results showed that participants had a stronger gaming desire when exposed to gaming cues as compared to (4)_________content. They also had a positive implicit attitude towards gaming content. Moreover, higher levels of neuroticism were (5)__________________ to correlate with greater explicit gaming desire.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**

1. advertising
2. educational
3. ✔ gaming-related
4. news

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Excessive gaming can negatively impact both (1)________ and physical health, especially among young people. Social media frequently exposes users to (2) ________content, which may influence their behaviour. However, the extent of this effect has not been widely studied. In this study, 25 young (3)________(average age 21.5) who played online games casually were examined. Participants reported their gaming desire after being exposed to gaming-related content on social media. An implicit association test (IAT) was also conducted to measure their implicit attitudes toward this content. Additionally, the relationship between these attitudes and psychological factors, such as personality traits and impulsiveness, was investigated. The results showed that participants had a stronger gaming desire when exposed to gaming cues as compared to (4)_________content. They also had a positive implicit attitude towards gaming content. Moreover, higher levels of neuroticism were (5)__________________ to correlate with greater explicit gaming desire.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**

1. ✔ adults
2. children
3. minors
4. teenagers

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Excessive gaming can negatively impact both (1)________ and physical health, especially among young people. Social media frequently exposes users to (2) ________content, which may influence their behaviour. However, the extent of this effect has not been widely studied. In this study, 25 young (3)________(average age 21.5) who played online games casually were examined. Participants reported their gaming desire after being exposed to gaming-related content on social media. An implicit association test (IAT) was also conducted to measure their implicit attitudes toward this content. Additionally, the relationship between these attitudes and psychological factors, such as personality traits and impulsiveness, was investigated. The results showed that participants had a stronger gaming desire when exposed to gaming cues as compared to (4)_________content. They also had a positive implicit attitude towards gaming content. Moreover, higher levels of neuroticism were (5)__________________ to correlate with greater explicit gaming desire.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**

1. negativity
2. ✔ neutral
3. positivity
4. gaming

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Excessive gaming can negatively impact both (1)_________ and physical health, especially among young people. Social media frequently exposes users to (2) _________content, which may influence their behaviour. However, the extent of this effect has not been widely studied. In this study, 25 young (3)_________(average age 21.5) who played online games casually were examined. Participants reported their gaming desire after being exposed to gaming-related content on social media. An implicit association test (IAT) was also conducted to measure their implicit attitudes toward this content. Additionally, the relationship between these attitudes and psychological factors, such as personality traits and impulsiveness, was investigated. The results showed that participants had a stronger gaming desire when exposed to gaming cues as compared to (4)__________content. They also had a positive implicit attitude towards gaming content. Moreover, higher levels of neuroticism were (5)____________________ to correlate with greater explicit gaming desire.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**

✔ 1. found

2. founded

3. finds

4. find

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नांकित मुहावरे के रिक्त स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द कौन-सा है?**

**एक और एक ________ होना।**

**Ans**

1. दो

2. दस

✔ 3. ग्यारह

4. बारह

**Q.2** **निम्नलिखित वाक्य में किस भाग में वर्तनी अशुद्धि है ?**
**'अनाब्रिष्टि से देश के इस भाग में सूखा पड़ गया है।'**

**Ans**

1. इस भाग में सूखा

2. देश के

3. पड़ गया है'

✔ 4. अनाब्रिष्टि से

**Q.3** **निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और क्रिया संबंधी त्रुटि की पहचान कर शुद्ध वाक्य का चयन करें।**
**वह तालाब में भटक रहा है।**

**Ans**

1. वह तालाब में जुताई कर रहा है।

2. सीमा तालाब में पढ़ रही है।

✔ 3. वह तालाब में तैर रहा है।

4. सुरेश तालाब में भटक रहा है।

**Q.4** **सक्षम की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है।**

**रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए।**

**Ans**

1. बातचीत

2. अनुशंसा

✔ 3. निंदा

4. बुराई

**Q.5** निम्नलिखित वाक्य का कौन सा भाग अशुद्ध है ?
'विवाह समारोह संपन्न हो गया है और उसने अपने विवाह के उपलक्ष में एक भोज दिया है।'

**Ans**

1. एक भोज दिया है
2. संपन्न हो गया है और उसने
3. ✔ विवाह के उपलक्ष में
4. विवाह समारोह

**Q.6** यदि कनिष्ठ ज्येष्ठ है, उसी प्रकार निम्नलिखित में से कौन एक सही युग्म है?

**Ans**

1. सक्षम - सबल
2. अस्त - छुपना
3. ✔ अनुकूल - प्रतिकूल
4. बहुज्ञ - जानकार

**Q.7** संस्कृत शब्द 'राजन्' का शुद्ध स्त्रीलिंग रूप है-

**Ans**

1. राजश्री
2. रत्ना
3. ✔ राज्ञी
4. राजनि

**Q.8** 'उद्भव' शब्द का विलोम पहचानिए।

**Ans**

1. सद्भाव
2. अभाव
3. ✔ पराभव
4. अनुभाव

**Q.9** निम्न में से किस विकल्प में मिश्र वाक्य का प्रयोग नहीं हुआ है?

**Ans**

1. आप नहीं जानते कि मैं कौन हूँ|
2. जो जागत है सो पावत है| जो सोवत है वह खोवत है|
3. मैं उस अध्यापक से मिला था जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था|
4. ✔ शिक्षक आया और राम पढ़ने लगा|

**Q.10** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है:

हाल में ही हुआ बच्चा

**Ans**

1. बचपन
2. ✔ नवजात
3. नया बच्चा
4. बच्चा

**Q.11** रिक्त स्थान की पूर्ति तत्सम शब्द से करें-

उस दृश्य को देखकर उसका... तार-तार हो गया।

**Ans**

1. मन
2. हिय
3. भावना
4. ✔ हृदय

**Q.12** **अमन को क्षीर बहुत पसंद है। इस वाक्य में क्षीर शब्द का तद्भव रूप प्रयुक्त कर वाक्य पूर्ण कीजिए।**

**Ans**

1. अमन को नीर बहुत पसंद है।
2. अमन को दूध बहुत पसंद है।
3. अमन को जल बहुत पसंद है।
4. ✔ अमन को खीर बहुत पसंद है।

**Q.13** **निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -**
**जिसके समान कोई दूसरा न हो**

**Ans**

1. अद्वैत
2. द्वैत
3. द्वितीय
4. ✔ अद्वितीय

**Q.14** **निबंध लेखक पाठक का ________ विषय से परिचय कराता है।**
**दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए।**

**Ans**

1. उपसंहार में
2. प्रकरण में
3. विषय-प्रतिपादन में
4. ✔ प्रस्तावना में

**Q.15** **दिए गए शब्द का उचित विलोम शब्द चुनिए-**

**उत्थान**

**Ans**

1. डूबना
2. समाप्त
3. ✔ पतन
4. कमी

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
ऐसा माना जाता है कि मनुष्य एकमात्र ऐसी जाति है, जो सदा _______(36) रही है और यह चरितार्थ भी हुआ है। परंतु,________(37) के विकास के क्रम में मानव ने ज्यों-ज्यों अपने क़दम आगे बढ़ाए, त्यों-त्यों सामाजिक-व्यवस्था में पुरुषों ने अपना ______(38) स्थापित कर लिया और महिलाओं को पर्याप्त योगदान के बावजूद पृष्ठभूमि में डाल दिया गया। महिलाएँ नियमित रूप से_______(39) झेलती रहीं और सामाजिक-व्यवस्था के कठोर होने के कारण इसके विरुद्ध आवाज़ उठाने में भी______(40) करती रहीं।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए _______**

**Ans**

1. पतित
2. ✔ विकासशील
3. पतनशील
4. विकसित

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
ऐसा माना जाता है कि मनुष्य एकमात्र ऐसी जाति है, जो सदा _______(36) रही है और यह चरितार्थ भी हुआ है। परंतु,________(37) के विकास के क्रम में मानव ने ज्यों-ज्यों अपने क़दम आगे बढ़ाए, त्यों-त्यों सामाजिक-व्यवस्था में पुरुषों ने अपना ______(38) स्थापित कर लिया और महिलाओं को पर्याप्त योगदान के बावजूद पृष्ठभूमि में डाल दिया गया। महिलाएँ नियमित रूप से_______(39) झेलती रहीं और सामाजिक-व्यवस्था के कठोर होने के कारण इसके विरुद्ध आवाज़ उठाने में भी______(40) करती रहीं।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए _______**

**Ans**

1. समाज
2. सभ्यता ✔
3. संस्कार
4. परम्परा

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
ऐसा माना जाता है कि मनुष्य एकमात्र ऐसी जाति है, जो सदा _______(36) रही है और यह चरितार्थ भी हुआ है। परंतु,________(37) के विकास के क्रम में मानव ने ज्यों-ज्यों अपने क़दम आगे बढ़ाए, त्यों-त्यों सामाजिक-व्यवस्था में पुरुषों ने अपना ______(38) स्थापित कर लिया और महिलाओं को पर्याप्त योगदान के बावजूद पृष्ठभूमि में डाल दिया गया। महिलाएँ नियमित रूप से_______(39) झेलती रहीं और सामाजिक-व्यवस्था के कठोर होने के कारण इसके विरुद्ध आवाज़ उठाने में भी______(40) करती रहीं।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए ________**

**Ans**

1. शासन
2. वर्चस्व ✔
3. राज
4. महत्त्व

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
ऐसा माना जाता है कि मनुष्य एकमात्र ऐसी जाति है, जो सदा _______(36) रही है और यह चरितार्थ भी हुआ है। परंतु,________(37) के विकास के क्रम में मानव ने ज्यों-ज्यों अपने क़दम आगे बढ़ाए, त्यों-त्यों सामाजिक-व्यवस्था में पुरुषों ने अपना ______(38) स्थापित कर लिया और महिलाओं को पर्याप्त योगदान के बावजूद पृष्ठभूमि में डाल दिया गया। महिलाएँ नियमित रूप से_______(39) झेलती रहीं और सामाजिक-व्यवस्था के कठोर होने के कारण इसके विरुद्ध आवाज़ उठाने में भी______(40) करती रहीं।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए ________**

**Ans**

1. अपेक्षा
2. उत्पीड़न ✔
3. अनुशंसा
4. अवमानना

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
ऐसा माना जाता है कि मनुष्य एकमात्र ऐसी जाति है, जो सदा _______(36) रही है और यह चरितार्थ भी हुआ है। परंतु,________(37) के विकास के क्रम में मानव ने ज्यों-ज्यों अपने क़दम आगे बढ़ाए, त्यों-त्यों सामाजिक-व्यवस्था में पुरुषों ने अपना ______(38) स्थापित कर लिया और महिलाओं को पर्याप्त योगदान के बावजूद पृष्ठभूमि में डाल दिया गया। महिलाएँ नियमित रूप से_______(39) झेलती रहीं और सामाजिक-व्यवस्था के कठोर होने के कारण इसके विरुद्ध आवाज़ उठाने में भी______(40) करती रहीं।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए ________**

**Ans**

1. क्षोभ
2. संकोच ✔
3. लज्जा
4. विचार